UGC CARE LISTED
ISSN No. 2394-5990

# इतिहासाचार्य वि. का. राजवाडे मंडळ, धुळे
## या संस्थेचे त्रैमासिक

# || संशोधक||

**पुरवणी अंक २८ – मार्च २०२४ (त्रैमासिक)**

- **शके १९४५**
- **वर्ष : ९२**
- **पुरवणी अंक : २८**

**संपादक मंडळ**

- प्राचार्य डॉ. सर्जेराव भामरे
- प्राचार्य डॉ. अनिल माणिक बैसाणे
- प्रा. डॉ. मृदुला वर्मा
- प्रा. श्रीपाद नांदेडकर

**अतिथी संपादक**

- प्राचार्य डॉ. सुनील हेळकर
- प्रो. डॉ. प्रेमचंद गायकवाड
- प्रा. डॉ. गोवर्धन दिकोंडा

**✷ प्रकाशक ✷**

**श्री. संजय मुंदडा**

कार्याध्यक्ष, इ. वि. का. राजवाडे संशोधन मंडळ, धुळे ४२४००१
दूरध्वनी (०२५६२) २३३८४८, ९४२२२८९४७१, ९४०४५७७०२०
Email ID : rajwademandaldhule1@gmail.com
rajwademandaldhule2@gmail.com

**कार्यालयीन वेळ**

सकाळी ९.३० ते १.००, सायंकाळी ४.३० ते ८.०० (रविवारी सुट्टी)

अंक मूल्य रु. १००/-
वार्षिक वर्गणी (फक्त अंक) रु. ५००/-, लेख सदस्यता वर्गणी : रु. २५००/-

**विशेष सूचना :** संशोधक त्रैमासिकाची वर्गणी चेक/ड्राफ्टने 'संशोधक त्रैमासिक राजवाडे मंडळ, धुळे' या नावाने पाठवावी.

**अक्षरजुळणी :** सौ. सीमा शिंत्रे, पुणे.

टीप : या नियतकालिकेतील लेखकांच्या विचारांशी मंडळ व शासन सहमत असेलच असे नाही.

# अनुक्रमणिका


१. **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांची शैक्षणिक वाटचाल व महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे योगदान**

- १) श्री. पोटे विशाल छबू, २) डॉ. गिरमकर कान्हू लक्ष्मण ---------------------------- ९

२. **महाराज सयाजीराव गायकवाड यांचे शिक्षणविषयक विचार**

- डॉ. सचिन ज्ञानेश्वर मोरे ------------------------------------------------------------ १३

३. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे सामाजिक सुधारणेतील योगदान**

- डॉ.रवींद्र पुंजाजी मते ------------------------------------------------------------ १७

४. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे सामाजिक योगदान**

- डॉ. शितल अरविंद धरम ------------------------------------------------------------ २१

५. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे कृषी क्षेत्रातील योगदान**

- डॉ. रोडगे कैलास दादासाहेब ------------------------------------------------------- २५

६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांनी केलेल्या सामाजिक सुधारणा**

- प्रा. रमेश नरसिंग थोरात ---------------------------------------------------------- २८

७. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे कृषी क्षेत्रातील योगदान एक ऐतिहासिक अभ्यास**

- प्रा.डॉ. म्हस्के नारायण कारभारी ---------------------------------------------------- ३१

८. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे शैक्षणिक क्षेत्रातील योगदान एक ऐतिहासिक अभ्यास**

- प्रा.डॉ. मृणाल गुलाबराव भोसले ---------------------------------------------------- ३४

९. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांची स्त्री शिक्षणविषयक भूमिका**

- प्रा.ज्ञानेश्वर बाळासाहेब पादर ------------------------------------------------------ ३७

१०. **महाराज सयाजीराव गायकवाड एक द्रष्टा युगपुरुष**

- प्रा.डॉ.बाळासाहेब नानासाहेब देवकाते ---------------------------------------------- ४०

ISSN No. 2394-5990


११. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे कला साहित्य क्षेत्रातील योगदान एक ऐतिहासिक अभ्यास**

-प्रा. राजकुमार ज्ञानोबा चाटे ------------------------------------------------------------ ४४

१२. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे समाजहित व लोककल्याणातील योगदान**

- प्रा.डॉ.शशिकांत दत्तोपंत परळकर ------------------------------------------------------------ ४७

१३. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड–एक आदर्श राज्यकर्ते**

-प्रा. डॉ. कदम एच. पी. ------------------------------------------------------------ ५१

१४. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे शारीरिक शिक्षण व क्रीडा विषयक कार्य व योगदान**

-डॉ. विठ्ठल रामकिशन भोसले ------------------------------------------------------------ ५५

१५. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे शिक्षण क्षेत्रातील कार्याचा ऐतिहासिक अभ्यास**

-प्रा. डॉ. रामभाऊ देवराव काशीद ------------------------------------------------------------ ५८

१६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे आर्थिक विचार**

-प्रा. डॉ. साबळे बी.ए. ------------------------------------------------------------ ६१

१७. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे अस्पृश्योद्धाराचे कार्य**

-प्रा. मिलिंद ठोकळे ------------------------------------------------------------ ६५

१८. **महाराज सयाजीराव गायकवाड यांचे शैक्षणिक कार्य**

-प्रा. डॉ. सतीश खरात ------------------------------------------------------------ ६९

१९. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांची धर्म विषयक संकल्पना**

- १) भाऊराव महादेव देवकते, २) प्रो.डॉ.दिलीप शा. बिराजदार ------------------------ ७२

२०. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे कृषी व शैक्षणिक सुधारणा विषयक कार्य**

-प्रा. जितेंद्र शेजवळ ------------------------------------------------------------ ७७

२१. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड आणि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे अनुबंध**

- डॉ.माधव केरबा वाघमारे ------------------------------------------------------------ ८१

२२. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या शैक्षणिक सुधारणा**

- १) नरेंद्रकुमार भिमराव बोरसेपाटील, २) प्रा. डॉ. साहेबराव त्र्यंबकराव भुकन ---------- ८५

२३. **लोककल्याणकारी राजे सयाजीराव गायकवाड यांचे सामाजिक योगदान: एक अध्ययन**

- डॉ.नितीन रामदास बडगुजर ---------------------------------------------------------- ९०

२४. **लोककल्याणकारी राजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या कार्य व कर्तृत्वाचा अभ्यास**

- प्र. प्राचार्य डॉ. महेश वाघ ---------------------------------------------------------- ९४

२५. **सयाजीराव गायकवाड यांच्यावरील साकेत प्रकाशनाच्या ग्रंथांचा आढावा**

- लीना नारायणराव पुप्पलवार -------------------------------------------------------- ९८

२६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे शिक्षण विषयक विचार एक ऐतिहासिक विश्लेषण**

- १) प्रा.डॉ. कैलास जे. गायकवाड, २) प्रा. डॉ . नितीन उल्हासराव सराफ ------------- १०३

२७. **महाराष्ट्राचे शिल्पकार महाराजा सयाजीराव गायकवाड**

-डॉ. प्रज्ञा कामडी ---------------------------------------------------------------------- १०७

२८. **सयाजीराव गायकवाड यांचे क्रीडा क्षेत्रातील योगदान**

- डॉ. प्रा. वसंत निनावे ------------------------------------------------------------------ १११

२९. **प्रज्ञावंत राजा महाराजा सयाजीराव गायकवाड : आकलन आणि अन्वयार्थ**

- डॉ. शारदा कदम ------------------------------------------------------------------------ ११४

३०. **महाराज सयाजीराव गायकवाड यांचा स्त्रियांच्या सुधारणांविषयक दृष्टीकोन**

- १) मंगला दामोदर महाजन, २) प्राचार्य. डॉ. सुभाष एस. गवई ----------------------- ११७

३१. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या शैक्षणिक सुधारणा**

- चंद्रप्रकाश गंगाराम कांबळे ---------- १२२

३२. **राजर्षी शाहू महाराज व महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या कार्याचा तुलनात्मक अभ्यास**

- पाटील अनिल निंबा ---------- १२७

३३. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे धर्मचिंतन**

- प्रा. संतोष शेलार ---------- १३४

३४. **महाराज सयाजीराव गायकवाड यांची शैक्षणिक दुरदृष्टी**

- डॉ काशिनाथ जगन्नाथ सोलनकर ---------- १३९

३५. **राजर्षी शाहू महाराज यांचे स्त्री शिक्षण विषयक उल्लेखनीय कार्य**

- डॉ. सुवर्णा दत्तात्रय खोडदे ---------- १४२

३६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे साहित्य क्षेत्रातील योगदान**

- डॉ. सुवर्णा दत्तात्रय खोडदे ---------- १४५

३७. **सयाजीराव गायकवाड यांचा बुद्धीप्रामाण्यवादी दृष्टीकोन**

- डॉ. शिल्पा शेटे ---------- १५०

३८. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड – व्यक्ती, विचार व कार्य**

- १) प्रा.डाँ.डी.ई.मनेरे, २) प्रा.डी.सी.गुळीग ---------- १५५

३९. **आदर्श राजा : महाराजा सयाजीराव गायकवाड**

- प्रा . डॉ . प्रवीण ताटे देशमुख ---------- १५९

४०. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे जलव्यवस्थापन धोरण**

- अमृता रामसेवक मुखेकर ---------- १६५

४१. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांची शैक्षणिक कार्ये**

– डॉ. प्रवीण सुभाषराव मोहिते ------------------------------------------------------------ १६७

४२. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे कृषी, जलसिंचन, सहकार या संदर्भातील विचार व कार्य**

– प्रा. सुभाष बाजीराव शिंदे ------------------------------------------------------------ १७०

४३. **लोकमानस व काळाची गरज ओळखणारे महाराज सयाजीराव गायकवाड**

- किशोर जनार्दन लांडेपाटील ------------------------------------------------------------ १७४

४४. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या मानवी मूल्यसंवर्धनातील योगदानाचा संकल्पनाचित्रणाद्वारे अभ्यास**

- सौ. वर्षा किरण सरोदे ------------------------------------------------------------ १७८

४५. **महाराष्ट्रातील प्रतिभावंत आणि बडोदा नरेश सयाजीराव गायकवाड**

-सहा.प्रा.ओंकार गणपत डोंगरे ------------------------------------------------------------ १८४

४६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड व बडोदा संस्थानांतील ग्रामसुधारणा चळवळ**

-डॉ.अंबादास धर्मा केत ------------------------------------------------------------ १९०

४७. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे क्रीडा क्षेत्रातील योगदान**

- डॉ. पांडुरंग किसन लोहोटे ------------------------------------------------------------ १९६

४८. **ग्रंथप्रेमी सयाजीराव गायकवाड**

- डॉ . तृप्ती सुभाष अंब्रे ------------------------------------------------------------ २००

४९. **महाराजा सयाजीराजे गायकवाड यांच्या सामाजिक सुधारणा– ऐतिहासिक विश्लेषण**

- डॉ. दीपक सो. वेडे ------------------------------------------------------------ २०४

५०. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे शैक्षणिक सुधारणेतील योगदान एक ऐतिहासिक अभ्यास**

-प्रा.डॉ.आशिष गजानन थूल ---------------------------------------------------------- २०८

५१. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या शिक्षणविषयक सुधारणा: ऐतिहासिक अध्ययन**

– डॉ.निशांत भिमरावजी शेंडे ---------------------------------------------------------- २१३

५२. **श्रीमंत सयाजीराव गायकवाड महाराज यांची भाषणे आणि त्यातील विचार**

– प्रा. डॉ. सोमनाथ दत्तात्रय कदम ---------------------------------------------------- २१८

५३. **सयाजीराव गायकवाड एक कृषी तज्ञ**

- वसुंधरा दत्ताराम साळुंखे ---------------------------------------------------------- २२३

५४. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या राजकीय कार्याचे विश्लेषणात्मक अध्ययन**

- प्रा. डॉ. राजेंद्र ओंकार बेलोकार ---------------------------------------------------- २२७

५५. **Maharaja Sayajirao Gaikwad social reforms**

**( समाजसुधारक महाराज सयाजीराव गायकवाड )**

-श्री. स्वप्निल पांडुरंग लोखंडे ---------------------------------------------------------- २३२

५६. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांच्या शैक्षणिक सुधारणा**

-प्रा. बाबासाहेब दुधभाते ---------------------------------------------------------- २३६

५७. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड यांचे स्त्रीविषयक शैक्षणिक व सामाजिक कार्य**

-डॉ. प्रतिमा बाळासाहेब कदम ---------------------------------------------------------- २३९

५८. **सार्वजनिक ग्रंथालयं उभारणारा राजा : महाराजा सयाजीराव गायकवाडसार्वजनिक ग्रंथालयं उभारणारा राजा : महाराजा सयाजीराव गायकवाड**

-डॉ. अंजली दशरथ काळे ---------------------------------------------------------- २४४

५९. **महाराज सयाजीराव गायकवाड : एक सामाजिक उद्धारक**

- डॉ. वैशाली शेषराव पेरके ---------------------------------------------------------------- २४७

६०. **महामहिम सयाजीराव गायकवाड का व्यक्तित्व निर्माण**

-डॉ.अलका ज्ञानेश्वर घोडके ---------------------------------------------------------------- २५०

६१. **महाराजा सयाजीराव गायकवाड और रयत शिक्षण संस्था का संबंध**

– प्रा. डॉ. बाळासाहेब शिवाजी बलवंत ------------------------------------------------ २५४

६२. **भूमंडलीकरण के युग में महाराजा सयाजीराव गायकवाड जी के विचारों की प्रासंगिकता**

– प्रा. नानासाहेब बळीराम कदम ------------------------------------------------------ २५७

६३. **शिक्षा के क्षेत्र में महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ का योगदान**

- प्रा. डॉ. श्वेता बा. चौधारे ---------------------------------------------------------------- २५९

▲▲▲

ISSN No. 2394-5990

# शिक्षा के क्षेत्र में महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ का योगदान

**प्रा. डॉ. श्वेता बा. चौधारे**
हिंदी विभाग प्रमुख,
कला,वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई
तहसील- नेवासा, अहमदनगर, महाराष्ट्र

**बीज शब्द :** महाराजा सयाजीराव, महारानी चिमनाबाई, प्राथमिक शिक्षा, अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था, कलाभवन

**प्रस्तावना :**

एक समय में गुजरात प्रांत को उसकी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्धि के कारण भारत का उद्यान कहा जाता था। एक यूरोपीय यात्री फोब्स ने अपनी यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि भारत का सबसे खूबसूरत हिस्सा गुजरात प्रांत है और उस प्रांत में सबसे सुंदर हिस्सा है, बड़ौदा और नदियात । परंतु वास्तव में महाराजा सयाजीराव के पदासीन होने तक अर्थात 1881 तक बड़ौदा राज्य की व्यवस्था पुराने ढंग से चल रही थी। महत्वपूर्ण इमारतें, पीने के लिए साफ़ पानी आदि राज्य व्यवस्था द्वारा उपेक्षित थे। उस समय की राज्य व्यवस्था तो इस बात से भी अंजान थी कि नागरिकों के भी कुछ स्वतंत्र अधिकार होते हैं। ऐसी विरासत सयाजीराव को राज्य-रोहन से पहले मिली। महाराज ने ब्रिटिश राजव्यवस्था को अपने लिए आदर्श के रूप में सामने रखबड़ौदा में सुधार के प्रयास किये। अधिकारों का प्रयोग करने से पहले अपने राज्य और लोगों को करीब से जानने के दृढ़ संकल्प के साथ, महाराजा ने नवंबर 1882 से जनवरी 1883 तक अपने राज्य के प्रांतों की यात्रा की। कई बार क्रांति की बात करने वाले क्रांति की शुरुवात अपने घर से नहीं पड़ोस से करना चाहते हैं। लेकिन समाज उन लोगों का अनुकरण करने में रुचि रखता है जो जैसी कथनी, वैसी करनीफ के सिद्धांत पर चलते हैं। महाराज सयाजीराव स्वशिक्षा अनुभव से संतुष्ट नहीं थे, लेकिन साथ ही वे अपने राज्य और विदेशी दौरों के दौरान समाज में हो रही शैक्षिक गिरावट का भी अध्ययन कर रहे थे। जिससे उनके शिक्षा विषयक विचारों का अनुसंधान किया जा सकता है।

**महाराजा सयाजीराव की शिक्षा एवं स्वानुभव :**

1875 में सयाजीराव बड़ौदा की गद्दी के लिए गोद दिये गए। प्रशासन के संचालन के लिए आवश्यक शिक्षा और यह शिक्षा प्रदान करने की पूरी व्यवस्था ब्रिटिश शासकों के अधीन थी। अगस्त 1875 को बड़ौदा के तत्कालीन दीवान सर टी. माधवराव द्वारा तत्कालीन गवर्नर जनरल को भेजे गए पत्र से पता चलता है कि सयाजीराव की स्कूली शिक्षा अन्य छात्रों की तरह ही सम्पन्न हुई। जिससे उन्हें बिना किसी सामाजिक भेद के शिक्षा का अवसर प्राप्त हुआ। हालाँकि, सयाजीराव की शिक्षा की इस पहली अवधि के दौरान, इस बात का ध्यान रखा गया कि वह अपने राजत्व को कभी न भूलें, जिससे शिक्षा उनके चिंतन का पसंदीदा विषय बन गई और उन्हें एहसास हुआ कि शिक्षा के माध्यम से एक शासक को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने का अवसर मिलता है। चूँकि उनकी पढ़ाई बिल्कुल सामान्य स्तर से हुई, इसलिए उनके लिए माध्यमिक शिक्षा तक अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए दी गई 5 से 6 साल की अवधि बहुत कम जान पड़ी। उसके बाद भी उन्हें प्रत्यक्ष शासनसंचालन का पाठ सीखने के लिए कम से कम दो साल ओर चाहिए थे। हालाँकि, उनकी पढ़ाई छह साल में निपटाई गई। महाराज के शिक्षकों द्वारा उनकी शैक्षिक प्रगति के संबंध में ब्रिटिश सरकार को दिए गए बयानों में पढ़ाई के प्रति महाराजा का श्रमभाव प्रशंसनीय था। हालाँकि, शैक्षिक समय सीमा, व्यक्तिगत शिक्षा और शिक्षकों के ज्ञान के प्रति महाराजा की नाराजगी 1923 में लिखे उनके पत्र में स्पष्ट है। इस पत्र में व्यक्त की गई उनकी राय न केवल उन्हें मिली अधूरी शिक्षा के लिए उनका स्वय का खेदभाव दर्शाता है, बल्कि शिक्षा पर उनके प्रगतिशील विचारों को दर्शाती है। पत्र में उन्होंने कहा, मफमेरे मामले में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। मैंने अनुभव से पाया कि मेरी शिक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों ने यह बड़ी गलती की... समय बदल रहा है। ऐसे समय में, राजा शिक्षा के मामले में अपने देशवासियों से पीछे नहीं रह सकते। राजा अपनी प्रजा की तुलना में अधिक शिक्षित हो। इतना ही नहीं, राजा की शिक्षा उसके अधिकारीयों से अधिक और अनुभव पर आधारित होनी चाहिए। उसे प्राप्त ज्ञान मानवीस्वभाव और आवश्यकताओं का ज्ञान दें।

1923 के पत्र में वे कहते है कि मैट्रिक तक की शिक्षा हर व्यक्ति को मिलनी चाहिए। वर्तमान न्यूनतम शिक्षा अधिनियम के बीज इस कथन में देखे जा सकते हैं। महाराजा इस मत से

सहमत थे कि प्रजा को भी इस बात पर चर्चा करनी चाहिए कि उसके प्रतिनिधि को, चाहे वह राजा हो या नेता, कितना और किस तरह से शिक्षित हुआ है ?1929 के पत्र में वे लिखते हैं कि बिना शिक्षा के राजा अच्छा राजा बने यह उम्मीद प्रजा क्यों रखें ?प्रजा राजा को दोष देती हैं, लेकिन उनसे अच्छे कार्यों की अपेक्षा कि जाए क्या ऐसी शिक्षा उन्हें दी जाती है? इसलिए, चाहे उच्च हो या निम्न, हम सभी को शिक्षित होना चाहिए और प्रगति करनी चाहिए... भले ही कोई राजा बन जाए, शिक्षा की गठरी उसे बांधकरनहीं दी जा सकती।फ्फ़ शिक्षा के लिए कोई अन्य राजमार्ग नहीं है। इसकी प्राप्ति के लिए उच्च-नीच, सभी प्रकार के लोगों को एक ही चक्की से गुजरना पड़ता है; फर्क सिर्फ समय का होगा।

**महारानी चिमनाबाई की शिक्षा एवं महाराजा के विचारों का प्रत्यक्षिकरन :**

जिस तरह महात्मा फुले ने सावित्रीबाई को शिक्षा देकर सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत की, उसी तरह महाराजा सयाजीराव ने महारानी चिमनाबाई को लिये शिक्षा की पेशकश की, जो शादी तक अनपढ़ थीं। पहली महारानी की मृत्यु के बाद, 28 दिसंबर 1885 को, महाराजा की दूसरी शादी गजराबाई अर्थात चिमनाबाई से हुई। विवाह के बाद मकरपुरा राजमहल में आने के बाद महाराजा ने सबसे पहले महारानी की शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया व उनकी गरिमा के अनुरूप पाठ्यक्रम बनाया गया। सगुनाबाई देव और नंदबाई पितले नामक दो महिला अध्यापिका उन्हें मराठी और अंग्रेजी पढ़ती थी। महाराजा के साथ विलायत जाने के बाद उनकी पढ़ाई में अजीब मोड़ आ गया। जिसके परिणामस्वरूप चिमनाबाई ने लड़कियों की शिक्षा के लिए अपने निजी खर्च से दो सौ रुपये प्रति माह प्रदान किए, उसी प्रकार बॉम्बे कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों को छात्रवृत्ति देने के लिए एक लाख रुपये की राशि अलग से जमा कर ली। सयाजीराव से प्रेरित होकर, महारानी चिमनाबाई ने 1911 में Posittion of women in Indian Life पुस्तक का लेखन किया। जिसमें भारतीय महिलाओं की स्थिति की तुलना सात महाद्वीपों के 29 देशों की महिलाओं से की गई थी। महिलाओं के विकास पर चिमनाबाई के कार्यों को देखते हुए 3 अगस्त 1892 को ब्रिटिश महारानी ने उन्हें Imperial Order of the crouwn of India की उपाधि से सम्मानित किया।

**प्राथमिक शिक्षा: अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था :**

अपने राजकाज के शुरुआती दौर में महाराज सयाजीराव ने कई शिक्षा क्षेत्र में कई सुधार किए, लेकिन उनका दृढ़ता से मानना था कि अनिवार्य और नि:शुल्क शिक्षा प्रणाली के बिना शिक्षा का सार्वजनिक प्रसार संभव नहीं। शिक्षा का मूल्य अध्यापक की बौद्धिक क्षमता पर निर्भर है। पुराने समय की तरह अध्यापकों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान योग्य बनाने के लिए, प्रथम: अध्यापक शिक्षा की ओर ध्यान देते हुए महाराजा ने पुरुष और महिला अध्यापकों की अलग-अलग कक्षाएं स्थापित कर इसमें उत्तीर्ण होने वाले अध्यापकों को नियमित पदोन्नति देने की नीति अपनाई।

16 मार्च 1893 को अपने दीवान मणिभाई जसभाई को लिखे एक पत्र में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के प्रयोग के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए वे कहते हैं, मैं निर्देश देता हूँ कि अमरेली महल के सभी गाँवों में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के स्कूल स्थापित किए जाएँ। जिसके लिए लागत लगभग 31790-8-0 होगी। सभी स्थानों पर अनिवार्य शिक्षा लागू करने से पहले शिक्षा के साधन उपलब्ध कराये जाने चाहिए और यदि उपलब्ध कराये जाने पर भी लोग अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते है, तो उन्हें दण्डित करने पर विचार किया जायेगा।फ्फ़ इसके अनुसार, 1893 में अनिवार्य शिक्षा अधिनियम का आंशिक प्रयोग अमरेली जिले के गांवों में लागू किया गया।

1891 में महाराज ने अपने राज्य के जिलों में राज्य अनुदानित शिक्षा प्रणाली की शुरुवात की। जिसके अनुसार आदेश दिये गए कि जिस गाँव के सोला बच्चे प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए तैयार होंगे, उसी गाँव में विद्यालय शुरू किया जाय। अतएव स्थानीय अध्यापक की नियुक्ति कर उसका वेतन राज्य के महसूल विभाग से दिया जाय। इस आदेश के दो साल में ही 632 नयी प्राथमिक विद्यालय शुरू हो गए। महाराज प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत ही कृषि, वाणिज्य, व्यापार जैसे व्यावहारिक शिक्षा का स्थानीय भाषा के साथ समावेश पर ज़ोर देते है।

1904 तक अमरोह तहसील में विद्यालयों की संख्या 52 तक बढ़ गई, जिसमें 5201 छात्र और 2200 छात्रायें प्रवेशित हुई थी।इस प्रयोग को प्राप्त अनपेक्षित यश को देखते हुए 1906 के अधिनियम से पूरे बड़ौदा राज्य में सभी जातियों और धर्मों के छात्रों को मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान की गई। 1907 के स्वतंत्र अधिनियम में अनुपस्थित बच्चों को दंडित करने, विशेष कारणों से उपस्थिति से छूट देने आदि के लिए विस्तृत प्रावधान किए गए।

इस अधिनियम के अनुसार, प्राथमिक शिक्षा के लिए विद्यालय में प्रवेश की आयु लड़कों के लिए 7-12 व लड़कियों के लिए 7-10 थी। 1913 में प्रवेश की आयु मर्यादा लड़कों के लिए 14 व लड़कियों के लिए 12 की गई। तत्कालीन समय में विशेषता: किसान परिवारों में लड़कियों का शिक्षित

 ISSN No. 2394-5990

होना यह कल्पना ही हज़म होनेवाली नहीं थी। शिक्षा लेना उनके लिए साम्य का अपव्यय था। अत: इस अधिनियम के चलते जो माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते थे, उन पर प्रतिदिन एक रुपये का जुर्माना लगाया जाता था। इस जुर्माने की राशि का 60% स्कूल भवनों के निर्माण के लिए, 35% गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के लिए और शेष 5% पटेल के लिए इस्तेमाल किया जाना था।

वर्ष 1910-11 के अंत में राज्य में प्राथमिक शिक्षा विद्यालयों की संख्या 2,938 और विद्यार्थियों की संख्या 1,73,882 थी। इनमें से 2,595 लड़कों के स्कूल थे, जिनमें 1,19,845 लड़के पढ़ते थे। कन्या विद्यालयों की संख्या 243 थी तथा छात्राओं की संख्या 54,038 थी। वर्ष 1887 की तुलना में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या आठ गुना से अधिक और छात्राओं की संख्या पाँच गुना बढ़ गयी थी।

शुरू से ही शिक्षा विभाग के प्रति महाराज की अधिक रुचि थी। उनके सत्ता संभालने से ठीक तीन महीने पहले, बॉम्बे विश्वविद्यालय ने बड़ौदा महाविद्यालय को पहले एक वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की थी। इस के चलते, 1881 की शुरुआत में बड़ौदा महाविद्यालय की शुरूवात हुई। इस महाविद्यालय की आवश्यकता और भविष्य को देखते हुए महाराज ने बड़ौदा कॉलेज के भवन पर छह लाख रुपये खर्च किये। आरंभ में, कला शाखा तत्पश्चात 1887 में विज्ञान शाखा में अध्ययन शुरू हुआ। उस समय महाविद्यालय में कृषि शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध करायी गई थी। प्रजा के बौद्धिक उत्थान के लिए, उनकी माध्यमिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए, इस अवधि के दौरान छह मुख्य तहसीलों में अंग्रेजी और देशी भाषा में शिक्षा प्रदान करनेवाले विद्यालय स्थापित किए गए। प्राथमिक शिक्षा पर महाराज मुख्य जोर दे रहे थे, अत: इस दौरान प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई।

**महिला शिक्षा और महाराज :**

महाराज के राज्यारोहण के समय अर्थात वर्ष 1881 में शिक्षा ग्रहण करनेवाली छात्राओं की कुल संख्या 946 थी, जो छह वर्षों में बढ़कर 2200 हो गयी। 1882 में, जब महात्मा फुले ने महिलाओं के लिए प्राथमिक शिक्षा के अधिकार की मांग की, तो सयाजीराव अध्यापक प्रशिक्षण के अंतर्गत बड़ौदा में महिलाओं के लिए एक शैक्षिक महाविद्यालय शुरू कर चुके थे। 1885 से महाराज ने महिला शिक्षा की और विशेष ध्यान देने का संकल्प घोषित करते है। इसके पूर्व बड़ौदा मेन लड़कियों की केवल 08 विद्यालय थे, जिनमें 600 छात्राएँ थी। 1901 तक लड़कियों के विद्यालय 96 और छात्राओं की संख्या 8380 थी। तो 3662 लड़कियां अन्य सरकारी विद्यालयों में प्रवेशित थी। कन्या विद्यालय में महिलाओं को सिलाई जैसी दैनिक उपयुक्त शिक्षा देने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसी प्रकार वर्ष 1886 में प्रौढ़ महिला साक्षरता कक्षाएँ प्रारम्भ की गईं। शिक्षा और महिला विकास का संगम करते हुए, सयाजीराव ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए बड़ौदा राज्य में महिलाओं के लिए महिला प्रशिक्षण कॉलेज, अछूत लड़कियों के लिए स्वतंत्र स्कूल, आदिवासी लड़कियों के लिए भारत का पहला मुफ्त आवासीय विद्यालय, महिलाओं के लिए भारत का पहला पुस्तकालय , महिलाओं के लिए क्लब, महिलाओं के लिए व्यायाम विद्यालय, जैसी संस्थानों की स्थापना की।

सोनगढ़ में आदिवासी लड़कों और लड़कियों के लिए उन्होंने एक स्कूल स्थापित किया। इन शैक्षिक परिवर्तन के पश्चात पाँच वर्ष बाद शिक्षा क्षेत्र में बदली हुई स्थिति पर पुनर्विचार करने एवं शिक्षा के संबंध में कोई रचनात्मक नीति निर्धारित करने की आवश्यक को ध्यान में रखते हुए अगस्त 1885 में आयोजित बड़ौदा कॉलेज और हाई स्कूल के पुरस्कार समारोह के अवसर पर महाराजा ने अपने भाषण में कुछ महत्वपूर्ण घोषणायें की थी। जिसके अनुसार :

1. प्रत्येक वर्ष 30 नये विद्यालय खोले जाएँ।
2. विद्यालय के भवनों पर हर वर्ष साठ हजार रुपये खर्च किये जायें।
3. प्रत्येक विभाग में मुख्य विद्यालय से जुड़ा हुआ पाठ्यक्रम पुस्तकों में उल्लिखित वस्तुओं का एक संग्रहालय होना चाहिए।
4. महिला शिक्षा की प्रगति पर अधिक ध्यान देकर जहां तक संभव हो बालिका विद्यालयों में महिला अध्यापकों की नियुक्ति की जानी चाहिए।
5. शिक्षा को समाज के अंतिम तबके तक फैलाने की सिफारिश की जानी चाहिए,
6. विद्यार्थियों की नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय।
7. औद्योगिक शिक्षा के विद्यालय प्रारम्भ करने की व्यवस्था की जाय।
8. विद्यार्थियों के लिए एक नई पठन पुस्तक माला तैयार की जानी चाहिए,
9. अंग्रेजी की सर्वोत्तम पुस्तकों का देशी भाषाओं में अनुवाद करने की सिफ़ारिश करते हुए इस कार्य के लिए किसी विद्वान को विशेष रूप से नियुक्त किया जाना चाहिए।

10. यथासंभव पुस्तकालयों की स्थापना की जानी चाहिए।

उनके अनुसार, मफ्शिक्षा देना परोपकार का एक महान कार्य है और जो उस कार्य में सफल होगा, वही देश का वास्तविक रक्षक माना जाएगा। धर्म के पिता के रूप में राजा को प्रजा के भौतिक सुख के अलावा उसके नैतिक और बौद्धिक सुधार पर ध्यान देना चाहिए। विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जानी चाहिए, परंतु इसमें प्राथमिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्राथमिक शिक्षा के बाद कृषि, व्यापार और उद्योग आदि की शिक्षा दी जा सकती है। शिक्षा प्रदान करने का वर्तमान तरीका केवल अकादमिक और औपचारिक है। इसमें दार्शनिक शिक्षा या वाणिज्यविषयक शिक्ष शामिल नहीं है।

**अछूतों और पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा और एक नए युग की शुरुआत :**

सामाजिक प्रगति की दृष्टि से समाज के सभी स्तरों के लिए प्रगति के समान अवसर प्रदान करना आवश्यक होता है। जिसके लिए अछूत एवं पिछड़े वर्गों को भी राज्य की मुख्य धारा में लाना आवश्यक होता है। अत: महाराज ने इस उपेक्षित वर्ग को शिक्षा और अन्य सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता को पहचाना। उनका मानना था कि शिक्षा ही सारी प्रगति का मूल है। पिछड़ों और अछूतों के लिए महाराजा ने वर्ष 1882-83 में एक स्कूल खोलने की व्यवस्था की। 1882 में उन्होंने बड़ौदा के सोनगढ़ तहसील में आदिवासियों और अछूतों के लिए मुफ्त शिक्षा का पहला आदेश पारित किया। जबकि इसी वर्ष अक्टूबर 1882 को महात्मा फुले हंटर कमीशन के समक्ष बहुजन, अछूतों की शिक्षा की मांग कर रहे थे। जब की ब्रिटीशों का मुंह ताकने की जगह अपना काम करते हुए सयाजीराव ने भीलों के लिए भी अध्ययन के लिए एक अलग छात्रावास की स्थापना की, जिसमें खेती का भी प्रत्यक्ष ज्ञान मिले इसलिए इस के साथ एक प्रयोग क्षेत्र जोड़ा गया। 1891 इ. तक बड़ौदा राज्य में अछूतों के लिए बने 10 स्वतंत्र विद्यालयों में 784 विद्यार्थी शिक्षा का लाभ ले रहे थे, उसके बीस वर्षों बाद इन विद्यालयों की संख्या बढ़कर 288 हो गयी और 11500 अछूत विद्यार्थी वहाँ शिक्षा पा रहे थे। समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा का आग्रह करते हुए महाराज इस विचार से भी चिंतित थे कि जातिव्यवस्था को जिंदा रखने के लिए शिक्षा को कुछ विशिष्ट वर्ग तक सीमित रखने का षड्यंत्र हो सकता है।

**शिक्षा सबके लिए :**

आधुनिक काल के इस प्रथम काल में पिछड़े वर्गों की शैक्षणिक स्थिति जो थी, वही स्थिति लगभग उच्च वर्ग के कई कुलीन परिवारों की थी। उनमें से कुछ का लेखन-पठन औसत दर्जे का था। इनमें से कई परिवारों में तो यह तक मान्यता थी कि, पढ़ना-लिखना सरदारों का नहीं, क्लर्क का काम है। इसलिए महाराज ने पिछड़े वर्गों की तरह सरदार परिवारों को भी शिक्षा की धारा में लाने का प्रयास किया। इ.1882-83 में सरदारों के बच्चों के लिए एक अलग स्कूल की स्थापना की गई, जहाँ घुड़सवारी और अन्य सैन्य गतिविधियों के साथ-साथ मातृभाषा में पढ़ने-लिखने, गणित, इतिहास, भूगोल आदि के अध्यापन की विशेष व्यवस्था की गई। इ.1887 के अंत में इस विद्यालय में 57 छात्र थे।

**औद्योगिक शिक्षा एवं महाराज :**

औद्योगिक शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए और आने वाले समय की व्यावसायिक संभावनाओं को देखते हुए महाराज ने इसे पब्लिक वर्क्स विभाग से संबद्ध करके मशीनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देनेवाले एक स्कूल की स्थापना की। हालाँकि, महाराज को स्वयं लगता था कि यह सुविधा अपूर्ण है, इसलिए अगस्त 1886 में, बड़ौदा कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान, औद्योगिक शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूल की स्थापना करने की एक योजना पर चर्चा की गई। इस चर्चा के परिणाम स्वरूप अगस्त 1890 में ङ्कला भवनफ ने आकार लिया। जिसमें वैज्ञानिक, औद्योगिक, कलात्मक, साहित्यिक क्रियाओं का संगम अपेक्षित था। मात्र 1921 के बंगलोर के इंडियन सायन्स इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर अल्फ्रेड है के टीकात्मक रिपोर्ट के बाद 1924 में कलाभवन की पुनर्रचना की गई।

विदेश में जाकर शिक्षा लेने का महत्व जानकार महाराज ने तकनीकी विषय पढ़ने के लिए कई छात्रों को विदेश भेजा, ताकि देश में नए कल-कारखाने शुरू हो। तकनीकी शिक्षा के लिए बड़ौदा ने 1925 तक सालाना 130000 से अधिक खर्च किए।

**कला शिक्षा एवं महाराज :**

कलाविहीन मानव जीवन पशु के समान है। महाराज को इस बात का संज्ञान था कि लोगों को कलात्मक शिक्षा प्रदान किए बिना शिक्षा पूरी नहीं होती है, इसलिए 1886 में उन्होंने बड़ौदा में गायन विद्यालय की स्थापना की। स्वतन्त्रता पूर्व की कलाएँ शुद्ध स्वरूप में थी, परन्तु उनका अर्जन सहज-संभव नहीं था। कुछ मुस्लिम परिवारों में गायन की कला विरासत के रूप चल रही थी और उनका शिष्यत्व लिए बिना गायकी का ज्ञान प्राप्त नहीं होता था। इस कारण गायन जैसी कला आम लोगों से दूर थी। इसलिए यह नवस्थापित गायन विद्यालय कुछ ही दिनों में लोकप्रिय हो गया। इस स्कूल का सालाना खर्च

मात्र 1200 रुपये था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के स्थान पर उस समय के प्रसिद्ध गवई मौलाबक्श थे, जिन्होंने अपनी खुद की संगीत स्वर लेखन प्रणाली विकसित की थी। गायन के साथ-साथ, वैकल्पिक रूप से बड़ौदा हाईस्कूल में ड्राइंग की कक्षा शुरू की गई थी।

**सारांश :**

महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ न केवल महाराष्ट्र, बल्कि भारत के आधुनिक बौद्धिक विकास के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाले थे, बल्कि उनके भविष्य को देखने के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण से वे वास्तविक अर्थ में भारत के स्वतंत्रता-पूर्व काल में ही जनकल्याण के स्तंभ बन चुके थे। राज्यारोहण के पश्चात कुछ ही वर्षों मेन उन्होंने अपनी प्रजा के सर्वांगीण उत्थान की योजना बनाई थी और उसके अनुसार कार्य किया। कला, खेल, साहित्य, पुस्तकालय, कृषि, शिक्षा, बैंकिंग, वास्तुकला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा बनाए गए आदर्श आज के इस कृत्रिम-यांत्रिक युग में भी अपने-अपने क्षेत्रों के मापदंडों के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षा को परिवर्तन का साधन मानने वाले महाराज को नवंबर 1925 को भारत यात्रा के दौरान जब प्रश्न पूंछा गया की बड़ोदा के बदलाओं में सबसे बड़ा यश क्या है? तो बिना झिझक उन्होंने उत्तर दिया- ङ्गअनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षाफ्न जहां नई शिक्षा नीति ने देशभर के सामाजिक-शैक्षणिक क्षेत्रों में परिवर्तन के विचारों का एक नया प्रवाह शुरू किया है, उस दौर में कोई संदेह नहीं है कि शिक्षा के क्षेत्र में महाराजा सयाजीराव का योगदान निश्चित रूप से इस समय भी वैचारिक मंथन के लिए एक नया पर्व होंगा।

**संदर्भ ग्रंथ :**

1) OrientalMemoirs: a narrative of seventeen years' residence in India-James ForbesVol. IIPage 288-289
2) श्री. महाराज सयाजीराव गायकवाड (तिसरे) यांचें चरित्र : खंड 1 ला (इ. स. 1863-1887),लेखक : दाजी नागेश आपटे,पृष्ठ क्रमांक 210
3) श्री. महाराज सयाजीराव गायकवाड (तिसरे) यांचें चरित्र : खंड 1 ला (इ. स. 1863-1887),लेखक : दाजी नागेश आपटे,पृष्ठ क्रमांक 211
4) श्री. महाराज सयाजीराव गायकवाड (तिसरे) यांचें चरित्र : खंड 1 ला (इ. स. 1863-1887),लेखक : दाजी नागेश आपटे,पृष्ठ क्रमांक 634
5) The Ruler of Baroda - By Philip W. Sergeant- Page No. 199
6) श्री. महाराज सयाजीराव गायकवाड (तिसरे) यांचें चरित्र : खंड 1 ला (इ. स. 1863-1887), लेखक : दाजी नागेश आपटे, पृष्ठ क्रमांक 364-365
7) श्री. महाराज सयाजीराव गायकवाड (तिसरे) यांचें चरित्र : खंड 1 ला (इ. स. 1863-1887),लेखक : दाजी नागेश आपटे,पृष्ठ क्रमांक 355
8) The Ruler of Baroda - By Philip W. Sergeant - Page No. 204
9) Gazetter of the Baroda State - Vol I
10) Baroda Admistration Report 1934-35